पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा

लखनऊ: 14 सितम्बर, 2015

नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड की लखनऊ शाखा द्वारा अखिल भारतीय झण्डा दिवस के अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों ने आज राजभवन में राज्यपाल को झण्डा लगाया। राज्यपाल ने दृष्टिबाधित राहत कोष में सहायता राशि भी दान की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र जैन, महासचिव श्रीमती शशिप्रभा, संयोजक श्री विशाल जैन, दृष्टिबाधित छात्र-छात्रायें व शिक्षकगण उपस्थित थे। दृष्टिबाधित बच्चों के अनुरोध पर राज्यपाल ने कहा कि शीघ्र ही राजभवन में एक ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें ऐसे विशेष बच्चे अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में कुष्ठ पीड़ितों द्वारा राजभवन में भजन संध्या प्रस्तुत की गयी थी।

राज्यपाल ने विशेष बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा बच्चे स्वयं में छिपी विशेषता को पहचाने। मन में विश्वास एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से ऐसे बच्चे भी आगे बढ़ सकते हैं तथा दूसरों को प्रेरित कर सकते हैं। भारत में दृष्टिबाधित लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। उनको सही इलाज एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलें तो वे भी समाज को बहुत कुछ दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के अच्छे नागरिक बनाने के लिए सभी को मुख्यधारा से जोड़ने और उचित वातावरण देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यों सहित राज्यपाल की प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

OPEN YOUR EYES
नेशनल एसोसिएशन फार दा ब्लाइन्ड

OPEN YOUR EYES
नेशनल एसोसिएशन फार दा ब्लाइन्ड
अखिल भारतीय

OPEN YOUR EYES
नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइन्ड
लखनऊ, राज्य शाखा
भारतीय झंडा दिवस समारोह
राजभवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
सितम्बर 2015 प्रातः 11:45 बजे